रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22082020-221308
CG-DL-E-22082020-221308

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 207] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 21, 2020/श्रावण 30, 1942
No. 207] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 21, 2020/SHRAVANA 30, 1942

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 अगस्त, 2020

प्रारंभिक जांच परिणाम

(ओआई मामला सं. 30/2019)

विषय: तुर्की और यूएसए के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "सोडा ऐश" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच के मामले में प्रारंभिक जांच परिणाम।

फा. सं. 6/39/2019-डीजीटीआर.—क. मामले की पृष्ठभूमि

समय समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 (इसके पश्चात अधिनियम के रूप में भी संदर्भित) और उसका समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आंकलन और संकलन तथा क्षति निर्धारण के लिए) नियमावली 1995 (इसके पश्चात "नियमावली" अथवा "पाटनरोधी नियमावली" के रूप में भी संदर्भित) के संबंध में:

जबकि मै. डीसीडब्ल्यू लि., मै. आरएसपीएल और मै; जीएचसीएल (इसके पश्चात् "आवेदकों " अथवा "घरेलू उद्योग" के रूप में भी संदभित) ने तुर्की और यूएसए से (इसके पश्चात् "संबद्ध देशों" के रूप में भी संदर्भित) के मूल के

अथवा वहां से निर्यातित "सोडा ऐश" (इसके पश्चात् "संबद्ध वस्तु" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" के रूप में भी संदर्भित) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के लिए सीमा प्रशुल्क अधिनियम और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (इसके पश्चात "प्राधिकारी" के रूप में भी संदर्भित) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

और जबकि प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर, संबद्ध देशों के मूल के अथवा से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने तथा पाटनरोधी शुल्क की मात्रा जिसे अगर लगाया जाए तो घरेलू उद्योग को कथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध जांच की शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 22 जनवरी, 2020 की अधिसूचना सं. 6/39/2019-डीजीटीआर के माध्यम से एक आम सूचना जारी की।

ख. प्रक्रिया

1. यहां नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के संबंध में की गई है:

क. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियम 5 के उपनियम (5) के अनुसार जांच की शुरुआत करने की कार्यवाही करने के पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन के प्राप्त होने के बारे में भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरुआत करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित दिनांक दिनांक 22 जनवरी, 2020 को आम नोटिस जारी किया।

ग. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पते के अनुसार भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग तथा अन्य घरेलू उत्पादकों को जांच की शुरुआत संबंधी अधिसूचना की प्रति भेजी और उनसे अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण से अवगत कराएं।

घ. प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार भारत में ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देश के दूतावासों को आवेदन के अगोपनीय पाठ की एक प्रति उपलब्ध कराई।

ड. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए अपने देश से निर्यातकों/उत्पादकों को सलाह दें। उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति भी संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नाम और पते के साथ इसे भेजी गई थी।

च. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं:

i. मै. एफएमसी इंडस्ट्रियल केमिकल्स
ii. मै. सोल्वे सोडा एश
iii. मै. जनरल केमिकल्स इंडस्ट्रियल प्रॉडक्टस
iv. मै. एएनएसएसी
v. मै. एफएमसी कार्पोरेशन
vi. मै. सिनेर रिसार्सेज एलपी
vii. मै. सिनेर व्योमिंग एलएलसी
viii. मै. सिनेर रिसार्सेज कारपोरेशन
ix. मै. इटी सोडा
x. मै. सोडा सेनवी

xi. मै. कजन सोडा इलेक्ट्रिक

छ. संबद्ध देशों के निम्नलिखित निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

i. सियरलेस वैली मिनरल्स इन्क, यूएसए

ii. मै. टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी"), प्रोड्यूसर, यूएसए

iii. मै. टाटा केमिकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि. ("टीसीआईपीएल"), प्रोड्यूसर, यूएसए और इसके संबंधित उत्पादक मै. टाटा केमिकल्स लि. ("टीसीएल")

iv. ईटीआई सोडा यूरेटिम प्जारलामा नकलीवट वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए.एस, तुर्की

v. कजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटिए ए.एस.टर्की

vi. सिनेर आईसी वे डिस टिकेरेट ए.एस.(सीआईडीटी), तुर्की

vii. सोडा सनावी ए.एस., तुर्की और उसके संबंधित निर्यातक सीसेकैम डिस टिशर ए.एस.

ज. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग करते हुए भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक की प्रश्नावलियां भेजी:

i. मै. गुजरात गार्डियन लि.
ii. मै. एडवांस सरफेक्टेंट इंडिया लि.
iii. मै. फ्लोट ग्लास इंडिया लि.
iv. मै. ए.आर. स्टनकेम प्रा. लि.
v. मै. एलेनबिक ग्लास इंडस्ट्रीज लि.
vi. मै. हिंद सिलिकेट्स प्रा. लि.
vii. मै. दीपक निटराईट लि.
viii. मै. टौरस केमिमल (प्रा.) लि.
ix. मै. हिंदुस्तान नेशनल ग्लास ऐंड इंड. लि.
x. मै. किशोरसंस डिटेर्जेंट प्रा. लि.
xi. मै. हिंदुस्तान यूनिलीवर लि.
xii. मै. जे.जे. पटेल इंडस्ट्रीज
xiii. मै. प्रोक्टर एंड गैम्बल हाइजिन एंड हेल्थकेयर
xiv. मै. श्रीराम भरत केमिक ऐंड डिटरजेंट्स प्रा. लि.
xv. मै. एल्ब्राइट मोरारजी ऐंड पंडित लि.
xvi. मै. मॉडर्न ग्लास इंडस्ट्रीज
xvii. मै. एडवाटेक इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
xviii. मै. आदर्श कंच उद्योग (प्रा.) लि.
xix. यू.पी. ग्लास मैन्यूफैक्चर् सिंडिकेट
xx. मै. प्रगति ग्लास प्रा. लि.
xxi. मै. असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड
xxii. मै. गोरा मलहारी राम लि.
xxiii. मै. फेर (प्रा.) लि.
xxiv. मै. रोहित सर्फकटेंट (प्रा.) लि.

xxv. मै. श्री यूनिकॉन आर्गेनिक्स प्रा. लि.

xxvi. मै. अस्ट्राल ग्लास प्रा. लि.

xxvii. मै. पोलाची चैम्बर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री

xxviii. मै. बीडीजे ग्लास इंडस्ट्रीज प्रा. लि.

xxix. मै. वसुंधरा रसावन लि.

xxx. मै. श्री हरि इंडस्ट्रीज

xxxi. मै. पॉवर सॉप लि.

xxxii. मै. हिंदुस्तान नेशनल ग्लास ऐंड इंडस्ट्रीज

xxxiii. मै. शांति नाथ डिटर्जेंट (प्रा.) लि.

xxxiv. मै. जगतजीत इंडस्ट्रीज लि.

xxxv. मै. एडवांस होम ऐंड पर्सनल केयर

xxxvi. मै. एस. कुमार डिटर्जेंट्स प्रा. लि.

xxxvii. मै. मौली एक्सपोर्ट्स

झ. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार भारत में निम्नलिखित संघो को भी सूचित किया:

i. डिटर्जेंट मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन

ii. इंडियन केमिकल मर्चेन्ट्स ऐंड मैन्यूफक्चर्स

iii. बुल्क ड्रग मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन (इंडिया)

xxxviii. इंडियन ग्लास मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन

xxxix. दि डाइस ऐंड कैमिकल मर्चेन्ट्स एसोसिएशन

xl. दि फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया डाइस ऐंड केमिकल्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन

यं. प्राधिकारी ने अनुरोध किए जाने पर 20-3-2020 तक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय विस्तार दिया।

ट. निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

मै. सेंट गोबेन इंडिया प्रा. लिमिटेड

मै. हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि. इंडिया

मै. टाटा केमिकल्स लि.("टीसीएल")

ट. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रखी गई सार्वजनिक फाइल के रूप में प्रस्तुत किए गए साक्ष्य/किए गए अनुरोधों का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

ठ. वाणिज्यिक सूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से अनुरोध किया गया था कि वह पिछले तीन वर्षों और जांच की अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों का लेन-देनवार ब्यौरा उपलब्ध कराएं जो प्राधिकारी को प्राप्त हो गया था। प्राधिकारी ने लेन-देन की उचित जांच के बाद आयातों की मात्रा की गणना और इसका विश्लेषण करने के लिए डीजीसीआईएंडएस आंकड़ों पर विश्वास किया है।

ड. सामान्य रूप से स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा पाटनरोधी के नियमावली के अनुबंध 3 के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत और उसका निर्माण करने और बिक्री करने की लागत के आधार पर क्षति रहित कीमत (एनआईपी) का निर्धारण किया गया है ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

ढ. घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का सत्यापन प्राधिकारी द्वारा स्थल पर दौरा और तालिका के अध्ययन के द्वारा आवश्यक सीमा तक किया गया था। आवश्यक संशोधनों के साथ केवल इस प्रकार की सत्यापित सूचना पर प्रारंभिक जांच परिणाम के उद्देश्य से जहां भी लागू हुआ, विचार किया गया है।

ण. वर्तमान जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि 1 अप्रैल, 2019 से 31 दिसम्बर, 2019(9महीने)है। हालांकि क्षति की जांच की अवधि को अप्रैल, 2016- मार्च, 2017, अप्रैल 2017-मार्च, 2018, अप्रैल 208-मार्च 2019 की अवधि तथा जांच की अवधि के रूप में विचार किया गया है।

त. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा इस जांच की प्रक्रिया के दौरान जिस सीमा तक साक्ष्य द्वारा समर्थन किया गया था और वर्तमान जांच के लिए संगत माना गया था, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर इस प्रारंभिक जांच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रूप से माना गया है।

थ. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकरी ने जहां भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न की गई सूचना के रूप में माना गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकरों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराएं।

द. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान सूचना तक पहुंच दिये जाने से इंकार किया है अथवा अन्य प्रकार से आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है अथवा इस जांच में पर्याप्त रूप से बाधा पहुंचाई है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी के रूप में माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रारभिक जांच परिणामों को रिकॉर्ड किया है।

ध. इस इस प्रारंभिक जांच परिणाम में "***" गोपनीय आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और इस नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा वैसी मानी गई सूचना का द्योतक है।

न संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा लिया गया विनिमय दर 1 यूएस डॉलर =71.24 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ग.1. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

2. घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में किए गए अनुरोध और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोध नीचे दिए गए अनुसार है:

क) विचाराधीन उत्पाद डिसोडियम कार्बोनेट है जिसे लोकप्रिय रूप से केमिकल फार्मूला एनए2सीओ3 वाले सोडा ऐश के रूप में जाना जाता है। सोडा ऐश श्वेत, क्रिस्टिलाइन, जल में घुलनशील सामग्री है। इसे इस याचिका में "सोडा ऐश" के रूप में उल्लेख किया गया है। सोडा ऐश का उत्पादन भारतीय उत्पादकों द्वारा – लाइट सोडा ऐश और घने सोडा ऐश दोनों रूपों में किया जाता है। इन दोनों प्रकारों में अंतर भारी घनत्व का है। इसके अलावा, सोडा ऐश या तो प्राकृतिक सोडा ऐश अथवा सिंथेटिक सोडा ऐश हो सकता है, दोनों उत्पाद आवश्यक रूप से एक जैसे हैं। वर्तमान जांच में सभी प्रकारों और रूप से सोडा ऐश को शामिल किया गया है अर्थात प्राकृतिक माध्यम से और सिंथेटिक माध्यम से उत्पादित सोडा ऐश को शामिल किया गया है।

ख) सोडा ऐश डिटेर्जेन्टस, साबुन, सफाई करने वाले अवयवों, सोडियम आधारित रासायनिक पदार्थो, फ्लो ग्लास, कंटेनरऔर स्पेशलिटी ग्लास, सिलिकेट्स और अन्य औद्योगिक रासायनिक पदार्थों के निर्माण में एक आवश्यक सामग्री है। इसका व्यापक रूप से उपयोग वस्त्र, कागज, धातु उद्योगों और डीसेलिनेशन संयंत्रों में भी किया जाता है।

ग) सिंथेटक सोडा ऐश का निर्माण सोल्वे, हाऊ अथवा अमोनिया सोडा की प्रक्रिया का उपयोग करते हुए किया जाता है। तुर्की में प्राकृतिक सोडा ऐश की उत्पादन प्रक्रिया ट्रोना की सोल्यूशन खनन है। ट्रोना खान को सोल्यूशन खनन द्वारा सतह तक निष्कर्षण किया जाता है। यूएसए में लागू की गई एक अन्य उत्पादन प्रक्रिया कमरा और पिलर पद्यपि है जहां ट्रोना का खनन किया जाता है और उसे धोकर सतह तक लाया जाता है जिसे घने सोडा ऐश में परिष्कृत किया जाना होता है।

घ) विचाराधीन उत्पाद का आयात सीमा शुल्क उप शीर्षक 2836.20 के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अंतर्गत किया जाता है। सीमा शुल्क वर्गीकरण सांकेतिक मात्र है और यह विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ड.) आवेदक द्वारा उत्पादन किए गए उत्पाद और संबद्ध देशों से निर्यातित उत्पाद में कोई अंतर नहीं है।

ग.2. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

3. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विचाराधीन उत्पाद के संबंध में कोई भी अनुरोध नहीं किया गया है।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

4. विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) डिसोडियम कार्बोनेट है जिसे लोकप्रिय रूप से केमिकल फार्मूला एनए2सीओ3 वाले सोडा ऐश के रूप में जाना जाता है। सोडा ऐश का उत्पादन दो रूपों– लाइट सोडा ऐश और घने सोडा ऐश में किया जाता है। इन दोनों प्रकारों में अंतर भारी घनत्व का है। इसका उत्पादन सिंथेटिक रूप जिसे अघुलनशील प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है और प्राकृतिक मार्ग से किया जा सकता है। वर्तमान जांच में सभी प्रकारों और रूपों के सोडा ऐश शामिल हैं।

5. सोडा ऐश का उपयोग डिटेर्जेन्टस, साबुन, सफाई करने वाले अवयवों, सोडियम आधारित रासायनिक पदार्थो, फ्लो ग्लास, कंटेनरऔर स्पेशलिटी ग्लास, सिलिकेट्स और अन्य औद्योगिक रासायनिक पदार्थों के निर्माण में किया जाता है।

6. संबद्ध वस्तु सीमा शुल्क उप-शीर्षक 2836.20 के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 28 के अंतर्गत किया वर्गीकरण योग्य है। हालांकि सीमा शुल्क वर्गीकरण सांकेतिक मात्र है और यह विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

7. प्राधिकारी रिकॉर्ड पर उपलब्ध सूचना से नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद संबद्ध देशों से आयात की गई वस्तुओं का समान वस्तु है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन किए गए विचाराधीन उत्पाद और संबद्ध देशों से आयात किए गए उत्पाद की तुलना वस्तुओं के भौतिक और रासायनिक गुणो, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशन, कीमता निर्धारण, वितरण और विपणन और प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। यद्यपि संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए निहित विभिन्न निर्माण प्रक्रिया/प्रौद्योगिकी हैं अर्थात तुर्की में ट्रोना का साल्यूशन खनन, यूएसए में कमरा और पिलर पद्दित और सिंथेटिक्स सोडा ऐश के लिए सोल्वे, हाऊ अथवा अमोनिया सोडा प्रक्रिया हैं, फिर भी अंतिम उत्पाद विनिर्देशों के मामले में तुलनीय हैं और इनका उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है। इसके अलावा, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि आयात किए गए उत्पाद और घरेलू स्तर पर बेचे गए उत्पाद तकनीकी रूप में और वाणिज्यिक रूप में प्रतिस्थापनीय हैं और उपभोक्ता इन दोनों का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर कर रहे हैं।

घ. घरेलू उद्योग का क्षेत्र एवं आधार

घ.1 घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध

8. घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग का क्षेत्र एवं आधार के संबंध में किए गए अनुरोध नीचे दिए गए अनुसार है:

क) आवेदक, मैसर्स डीसीडब्ल्यू लि., मै; आरएसपीएल और मै. जीएचसीएल भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादक हैं। आवेदकों को छोड़कर संबद्ध वस्तुओं के तीन अन्य उत्पादक हैं अर्थात मै. टाटा केमिकल्स लि.(टीसीएल), मै. निरमा लि. और मै. तूतीकोरिन एलकली केमिकल्स एंड फर्टिलायजर्स लि.(टीएसी) हैं। मै. टाटा केमिकल्स ने भारत को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है और मै. निरमा लि. यूएसए में एक संबंधित उत्पादक है और इसने भी संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है और इस प्रकार से ये पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत घरेलू उद्योग होने के लिए पात्र नहीं हैं।

ख) आवेदकों ने संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और वे भारत में किसी आयातक अथवा संबद्ध देशों के किसी निर्यातक से संबंधित नहीं हैं।

ग) आवेदक के पास कुल भारतीय उत्पादन का एक बहुत बड़ा हिस्सा है। तद्नुसार, यह आवेदन आधार की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से पूरा करता है और इस प्रकार से आवेदक पाटनरोधी नियमाकवली के नियम 5(3) के साथ पठित नियम 2(ख) के संबंध में संबंधित उत्पाद के लिए भारत में "घरेलू उद्योग" हैं।

घ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों का अनुरोध

9. याचिकाकर्ता अपने आप इस बात का निर्धारण नहीं कर सकते हैं कि कौन से उत्पादक को नियम 2(ख) के संबंध में बाहर किया जाएगा अथवा शामिल किया जाएगा। प्राधिकारी का "घरेलू उद्योग" को परिभाषित करने का आधार निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास है।

10. याचिकाकर्ताओं ने कुल भारतीय उत्पादन में बाहर किए गए उत्पादकों के उत्पादन पर विचार करने के बाद उत्पादन के अपने हिस्से को उपलब्ध नहीं कराया है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

11. यह आवेदन मै. डीसीडब्ल्यू लि., मै. आरएसपीएल और मै. जीएससीएल लि. द्वारा प्रस्तुत किया गया है। आवेदकों ने यह सूचित किया है कि वर्तमान में भारत में विचाराधीन उत्पाद तीन अन्य उत्पादक अर्थात मै. टाटा केमिकल्स लि.(टीसीएल), मै. निमास लि. और मै. तेतीकोरियन अलकली केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि.(टीएसी) हैं।

12. आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, मै. टाटा केमिकल्स लि.(टीसीएल) और मै. निरमा लि. द्वारा इस आवेदन का समर्थन करते हुए पत्र प्रस्तुत किए गए थे। उन्होंने भारत को यूएसए में अपने सहयोगी पक्षकारों द्वारा किए गए निर्यातों का ब्यौरा भी उपलब्ध कराया है। यह देखा गया है कि टाटा केमिकल्स की सहयोगी कंपनी मै. टाटा केमिकल्स,नार्थ अमेरिका द्वारा किया गया निर्यात यूएसए से कुल आयातों की तुलना में बहुत अधिक है, इसी प्रकार से निरमा लि. की सहयोगी कंपनी अर्थात सीयरलेस , वैली मिनरल्स इंक द्वारा किया गया निर्यात भी यूएसए से किए गए कुल निर्यातों की तुलना में बहुत अधिक है। ये दोनों यूएस कंपनियां ने प्रश्नावली का उत्तर अलग-अलग पाटन मार्जिन के निर्धारण करने की मांग करते हुए प्रस्तुत किया है। यह देखा गया है कि सहयोगी पक्षकारों द्वारा किया गया निर्यात बहुत अधिक है। प्राधिकरी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा किए गए अनुरोध करते हैं और यह भी नोट करते हैं कि प्रश्नावली के उत्तर का विश्लेषण यह दर्शाता है कि इन कंपनियों द्वारा किए गए निर्यात पाटित कीमतों पर हुए हैं। इस कारण से टाटा केमिकल्स और निरमा लि. को भारत में संबद्ध वस्तुओं के अपात्र घरेलू उद्योग के रूप में माना गया है।

13. अपात्र उत्पादकों को शामिल करते हुए और उन्हें बाहर करते हुए आवेदकों के उत्पादन का निर्धारण किया गया है। यह देखा गया है कि आवेदक कंपनियों का उत्पादन दोनों स्थितियों में कुल भारतीय उत्पादन का बहुत बड़ा हिस्सा है। यह भी नोट किया जाता है कि आवेदकों ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और वे भारत में किसी आयातक अथवा संबद्ध देशों के किसी निर्यातक से संबंधित नहीं हैं।

14. तद्नुसार, प्राधिकारी अनंतिम रूप से यह मानते हैं कि इस जांच के उद्देश्य से, आवेदक आधार की आवश्यकता को पूरा करता है और पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) के संबंध में घरेलू उद्योग है।

ड. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

ड.1 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

15. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क) तुर्की और यूएसए में संबद्ध वस्तुओं की कीमत का साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास किए गए थे। हालांकि घरेलू उद्योग लेन-देन की वास्तिवक कीमतों के रूप में संबद्ध वस्तुओं की कोई सूचना/कीमता का साक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाया था। इस कारण से आवेदकों ने संबद्ध देशों में प्रचलित उत्पाद के उपभोग के उद्देश्य से कीमत का निर्धारण करने के लिए अप्रैल-नवंबर, 2019 के लिए एचआईएस मार्किट: ग्लोबल सोडा ऐश मासिक प्रकाशनों में प्रकाशित कीमतों पर विश्वास किया है।

ख) संबद्ध देशों से निर्यात कीमत का समायोजन निम्नलिखित खर्च के लिए किया गया है जो संबद्ध देश के निर्यातकों ने भारत को निर्यात करने के लिए अर्थात समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, अंतरदेशीय धुलाई, बैंक प्रभार और पोर्ट संबंधी खर्च किए हैं।

ग) सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, पाटन मार्जिन का निर्धारण किया गया है। संबद्ध देशों से इस प्रकार से निर्धारित पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तरों से ऊपर और बहुत अधिक हैं।

ड.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

16 जांच की अवधि अप्रैल, 2019 से दिसंबर 2019 है। हालांकि नवंबर, 2019 तक वर्तमान जांच शुरु करने के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के संबंध में इन आंकड़ों पर विश्वास किया गया। इस संबंध में कोई ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराया गया कि किस आधार पर इन कीमतों को तय किया गया था और एचआईएचएस मार्किट पर गोपनीयता का दावा किया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या दिसंबर, 2019 तक याचिकाकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए अद्यतित आंकड़े उसी स्रोत अथवा कुछ अन्य स्रोत पर विश्वास करते हैं।

17. तुर्की और यूएसए के लिए कारखानागत निर्यात कीमत को पूर्ण रूप से कम करके बताया गया है। एचयूएल ने अपनी आयात कीमत के आधार पर कारखानागत निर्यात कीमत का निर्धारण किया है और बाजार सूचना के अनुसार याचिकाकर्ताओं और व्यापारियों की मार्जिन द्वारा समायोजन का दावा किया गया है। निर्यात की कीमत तुर्की के लिए 220-240 यूएस डालर प्रति मी.टन और यूएसए के लिए 200-220 यूएस डालर प्रति मी.टन के बीच है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

18. धारा 9क(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप-नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

(ख) परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

19. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी जिसमें उन्हें यह सलाह दी गई थी कि वे प्राधिकारी द्वारा निर्धारित रूप में और तरीके से सूचना उपलब्ध कराएं।

20. निम्नलिखित विदेशी उत्पादकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

क. सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए

क. मै. टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी"), प्रोड्यूसर, यूएसए

ख. मै. टाटा केमिकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि. ("टीसीआईपीएल"), प्रोड्यूसर, यूएसए

ग. मै. टाटा केमिकल्स लि. ("टीसीएल"), यूएसए

घ. ईटीआई सोडा यूरेटिम प्जारलामा नकलीवट वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए;एस, तुर्की

ङ. कजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटिए ए.एस.टर्की

च. सिनेर आईसी वे डिस टिकेरेट ए.एस.(सीआईडीटी), तुर्की

छ. सोडा सनावी ए.एस., तुर्की

21. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्राधिकारी हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध को नोट करते हैं और उन्होंने उत्पादक/निर्यातक द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर के आधार पर पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का मूल्यांकन किया है।

यूएसए के उत्पादकों/निर्यातकों सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए और टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी") के लिए सामान्य मूल्य और कारखानागत निर्यात कीमत का निर्धारण

ड. 3.1. सामान्य मूल्य का निर्धारण

22. सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में उत्पादन की लागत और एसजीए खर्च के संदर्भ में लाभ अर्जित करने वाली घरेलू बिक्री संबंधी लेन-देन का निर्धारण करने के लिए व्यापार जांच की सामान्य प्रक्रिया की है। जहां लाभ अर्जित करने वाली लेन-देन 80 प्रतिशत से अधिक है वहां प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी प्रकार के लेन-देन पर विचार किया और यदि लाभप्रद लेन-देन 80 प्रतिशत से कम है तब केवल लाभ पर घरेलू बिक्री सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया जाता है।

सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए

23. सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर से, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद की सीधी बिक्री की है।

24. इसके अलावा यह देखा गया है कि कंपनी ने घरेलू और भारतीय बाजार में इस सामग्री की बिक्री प्रत्यक्ष रूप से और सहयोगी कंपनियों के माध्यम से दोनों तरीके से किया है। हालांकि निर्यातक ने यह दर्शाने के लिए कोई औचित्य और साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है कि किस प्रकार से सहयोगी पक्षकारों को ये बिक्री व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में है। इस पर विचार करते हुए कि निर्यातक ने यह सिद्ध नहीं किया है कि किस प्रकार से सहयोगी कंपनियों को बिक्री व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में की गई है, प्राधिकारी ने अपनी सहयोगी कंपनी को इस कंपनी द्वारा आगे के निर्धारण के लंबित रहने तक अनंतिम रूप से किया है। उपर्युक्त के अध्यधीन प्राधिकारी ने यूएसए से दोनों उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत की गई प्रश्नावली के उत्तर पर विचार किया है और उसे लिया है। व्यापार की जांच की सामान्य प्रक्रिया के आधार पर, असंबंधित ग्राहकों को लाभ पर घरेलू बिक्री सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए उन मामलों में लिया गया है जहां लाभप्रद बिक्री 80 प्रतिशत से कम थी। जहां कहीं भी लाभ पर बिक्री 80 प्रतिशत से अधिक थी, सामान्य मूल्य का निर्धारण कुल घरेलू बिक्री के आधार पर किया गया है। कीमत समायोजनों की अनुमति जैसा कि दावा किया गया है अगले निर्धारण के लंबित रहने तक दी गई है। तद्नुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण कारखानागत स्तर पर ***डॉलर/मी.टन के रूप में किया गया है।

मै. टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी"), उत्पादक, मैं. टाटा केमिकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि. ("टीसीआईपीएल") और मै. टाटा केमिकल्स लि.("टीसीएल")

25. उत्पादक/निर्यातक ने जांच की अवधि के दौरान अपने घरेलू बाजार में ***मी.टन संबद्ध वस्तु बेची है जिसमें असहयोगी ग्राहकों को ***मी.टन और सहयोगी ग्राहकों ***मी.टन तथा एएलसीएडी, भागीदार, एक संबंधित

व्यापारी (जो इसे आगे अंतिम ग्राहकों/प्रयोक्ताओं को बेचता है) ***मी.टन शामिल है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूंकि स्वतंत्र और संबंधित कंपनियों को प्रारंभिक जांच परिणाम के उद्देश्य से कीमत में बढ़ने योग्य अंतर है और यह कि निर्यातक ने यह सिद्ध नहीं किया है कि व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में घरेलू बाजार में संबंधित क्रेता को बिक्री की गई है, प्राधिकारी केवल स्वतंत्र ग्राहकों को बिक्री पर विचार करने का प्रस्ताव करते हैं। बहुत अधिक और ओसीटी जांच करने के बाद "सामान्य मूल्य" *** डॉलर/मी.टन होता है।

यूएसए से अन्य सभी उत्पादक/निर्यातक

26. यूएसए के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों जिन्हें असहयोगी माना जाता है, के संबंध में प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(8) के संबंध में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। यूएस के उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रश्नावली के उत्तर पर इस उद्देश्य से विचार किया गया है। घरेलू बाजार में सबसे अधिक सामान्य मूल्य लिया गया है।

ड.3.2 निर्यात कीमत

सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए

27. सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक और निर्यातक है। जांच की अवधि के दौरान, सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक, यूएसए ने भारत को सीधे *** मी.टन की सीमा तक संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया है। समुद्री भाड़े, ऋण लागत, रखरखाव खर्च, कमीशन, बीमा, विदेशी भाड़ा और विदेशी मुद्रा की हानि के प्रति समायोजनों का दावा उत्पादक/निर्यातक द्वारा किया गया है। समुद्री भाड़े, ऋण लागत, रखरखाव खर्च, कमीशन, बीमा, विदेशी भाड़ा के प्रति समायोजन की अनुमति प्राधिकारी द्वारा दी गई है। तद्नुसार भारत को निर्यातों के लिए निर्धारित निबल निर्यात कीमत का निर्धारण यूएस डा.*** प्रति मी.टन के रूप में किया गया है। पहुंच मूल्य की गणना डा.*** प्रति मी.टन के रूप में की गई है।

मै. टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी"), उत्पादक, मैं. टाटा केमिकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि. ("टीसीआईपीएल") और मै. टाटा केमिकल्स लि.("टीसीएल")

28. मै. टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी"), यूएसए, उत्पादक ने ***मी.टन का निर्यात किया है जिसमें मैं. टाटा केमिकल्स इंटरनेशनल प्रा. लि. ("टीसीआईपीएल") , सिंगापुर को अपने संबंधित निर्यातक के माध्यम से भारत को ***मी.टन शामिल है और उसके साथ ही जांच की अवधि के दौरान भारत में मैं. टाटा केमिकल्स लि.(टीसीएल) एक संबंधित आयातक को प्रत्यक्ष रूप से ***मी.टन भी शामिल है। जांच की अवधि में भारत को संबद्ध वस्तुओं के *** डा. प्रति मी.टन की कारखानागत निर्यात कीमत पर विचार भाड़ा एवं डिलीवरी शुल्क पर समायोजनों पर विचार करने के बाद किया गया है। पहुंच मूल्य का मूल्यांकन ***डालर/मी.टन के रूप में किया गया है।

यूएसए से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

29. प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यूएसए के असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण किया है जिसके लिए यूएसए के उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रश्नावली के उत्तर पर विचार किया गया है। भारत को निर्यात के लिए सबसे कम बिक्री कीमत पर विचार किया गया है।

तुर्की के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और कारखानागत निर्यात कीमत का निर्धारण

ईटीआई सोडा यूरेटिम पाजरलामा नकलीयत वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए.एस और काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरिटम ए.एस.- फाइनर ग्रुप

क) ईटीआई सोडा यूरेटिम पाजरलामा नकलीयत वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए.एस(संक्षेप मी ईटीआई सोडा)

30. उत्पादक साइनर ग्रुप ऑफ कंपनीज से है और वह प्राकृतिक सोडा ऐश का उत्पादन करता है तथा इसने केवल डेंस सोड ऐश का उत्पादन और बिक्री की है जैसा कि कंपनी द्वारा दावा किया गया है। ईटीआई सोडा ने जांच की अवधि के दौरान पीयूसी के ***मी.टन का उत्पादन किया है। कंपनी ने स्वतंत्र ग्राहकों को प्रत्यक्ष तौर पर पीयूसी का ***मी.टन की बिक्री की है और घरेलू बाजार में अपनी संबंधित कंपनियों को ***मी.टन की बिक्री की है। संबंधित कंपनियों में से, केवल एक संबंधित कंपनी अर्थात साइनर आईसी वे डिस टिकारेट ए.एस.(सीआईडीटी) ने घरेलू बाजार में स्वतंत्र ग्राहकों को पीयूसी का ***मी.टन बेचा था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबंधित और असंबंधित कंपनियों को घरेलू बिक्री कीमत के बीच अंतर है और यह कि निर्यातक ने यह सिद्ध नहीं किया है कि घरेलू बाजार में संबंधित क्रेता को बिक्री व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में की गई है। इस कारण से प्रारंभिक जांच परिणाम के उद्देश्य से, सामान्य मूल्य की गणना करने के लिए, स्वतंत्र ग्राहकों को ईटीआई की सीधी बिक्री (***मी.टन) पर ही विचार किया जाता है।

31. ईटीआई सोडा सीआईडीटी द्वारा प्रस्तुत की गई निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तरों की जांच की गई है। ईटीआई सोडा द्वारा अपने घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की घरेलू बिक्री कीमतों के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण की अनुमति देने के लिए प्रतिनिधिक और अर्थक्षम है। व्यापार की जांच की सामान्य प्रक्रिया घरेलू बिक्री के लेन-देनवार आंकड़ों और ईटीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए लागत संबंधी आंकड़ों पर भी किया जाता है। इस प्रकार से निर्धारित सामान्य मूल्य जांच की अवधि के लिए यूएस डा. ***मी.टन है।

ख) **काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटि ए.एस.(संक्षेप में काजन)**

32. उपर्युक्त उत्पादक साइनर ग्रुप ऑफ कंपनीज से भी है और यह प्राकृतिक सोडा ऐश का उत्पादन करता है तथा इसने केवल सोडा ऐश डेंस का उत्पादन और बिक्री की थी जैसाकि कंपनी द्वारा दावा किया गया है। काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटिम ए.एस. ने जांच की अवधि के दौरान ***मी.टन पीयूसी का उत्पादन किया था। कंपनी ने प्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्र ग्राहकों को घरेलू बाजार में ***मी.टन पीयूसी की बिक्री की थी। कंपनी ने अपनी संबंधित कंपनियों को घरेलू बाजार में ***मी.टन पीयूसी की भी बिक्री की थी जिसमें से इसकी संबंधित कंपनियों में से एक कंपनी अर्थात् साइनर आईसी वे डिस टिकारेट ए.एस.(सीआईडीटी) ने घरेलू बाजार में स्वतंत्र ग्राहकों को ***मी.टन की बिक्री की थी। सामान्य मूल्य के उद्देश्य से काजन की स्वतंत्र ग्राहकों को सीधी बिक्री (***मी.टन) को ही इस तथ्य को देखते हुए विचार किया गया है कि संबंधित और असंबंधित को उत्पादक की बिक्री कीमत में बढ़ने योग्य अंतर है और यह कि निर्यातक ने यह सिद्ध नहीं किया है कि यह बिक्री व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में घरेलू बाजार में संबंधित क्रेता को की गई है।

33. काजन और सीआईडीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तरों की जांच की गई है। ईटीआई सोडा द्वारा अपने घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की घरेलू बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण की अनुमति देने के लिए प्रतिनिधक और अर्थक्षम है। व्यापार की जांच की सामान्य प्रक्रिया को भी लेन-देनवार घरेलू बिक्री आंकड़ों तथा ईटीआई द्वारा उपलबध कराए गए लागत संबंधी आंकड़ों पर किया जाता है। इस प्रकार से निर्धारित सामान्य मूल्य जांच की अवधि के लिए यूएस डा. ***/मी.टन है।

ग) सोडा सनावी ए.एस.- दि सिसेकामग्रुप

34. उत्पादक सिसेकामग्रुप ऑफ कंपनी से है और यह सिंथेटिक सोडपा ऐश का उत्पादन करता है और इसने सोडा ऐश डेंस और सोडा ऐश लाइट दोनों का उत्पादन और बिक्री की थी। सोडा सानाई जांच की अवधि के दौरान ***मी.टन पीयूसी का उत्पादन किया है। कंपनी ने प्रत्यक्ष तौर पर सवतंत्र ग्राहकों को घरेलू बाजार में पीयूसी का ***मी.टन और संबंधित कंपनियों जिन्होंने बिना किसी पुन: बिक्री के कच्चे माल के रूप में इसकी खपत की थी, को घरेलू बाजार में ***मी.टन पीयूसी की बिक्री की है। यह भी नोट किया जाता है कि कंपनी ने बुल्गारिया और बोसनिया अपनी संबंधित कंपनी से ***मी.टन सोडा ऐश का आयात किया था और इस प्रकार से आयात

की गई मात्रा को भी ***मी.टन की कुल घरेलू बिक्री में शामिल किया गया है। कंपनी ने दावा किया किया कि चूंकि ये सामग्री तुर्की के मूल के नहीं हैं अत: सामान्य मूल्य को आयात की गई सामग्री की बिक्री पर विचार किए बिना अपने निजी निर्मित वस्तुओं के आधार पर गणना किए जाने की आवश्यकता है। कंपनी ने आगे यह दावा किया है कि चूंकि कि उन्होंने भारत को केवल सोडा ऐश डेंस की बिक्री की थी अत: घरेलू बाजार में केवल सोडा ऐश डेंस की बिक्री पर विचार सामान्य मूल्य की गणना के लिए किए जाने की आवश्यकता है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उत्पादक ने डेंस और लाइट दोनों ग्रेडों के लिए केवल एक लागत का दावा किया है जिसमें आयात किए गए सोडा ऐश और फिर घरेलू बाजार में बेचा गया सोडा ऐश शामिल है। इस विश्लेषण को तब केवल सोडा ऐश तक ही सीमित रखने के लिए कोई साक्ष्य और औचित्य नहीं है जब निर्यातक ने परिशिष्ठ 8 में डेंस, लाइट और आयात की गई वस्तुओं के लिए एक समेकित लागत को स्वयं उपलब्ध कराया है। इस कारण से सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से, दोनों ग्रेडों अर्थात सोडा ऐश, डेंस और लाइट(***मी.टन) जिसमें आयात की गई सामग्री भी शामिल है, के स्वतंत्र ग्राहकों को बेची गई संबद्ध वस्तुओं की प्रत्यक्ष बिक्री पर विचार किया गया।

35. कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तरों की जांच की गई है। उत्पादक द्वारा अपने घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की घरेलू बिक्री, अपने घरेलू बिक्री कीमतों के आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण की अनुमति देने के लिए प्रतिनिधक और अर्थक्षम है। व्यापार की जांच की सामान्य प्रक्रिया उत्पादक द्वारा लेन-देनवार घरेलू कीमत संबंधी आंकड़ों और लागत आंकड़ों पर भी किया जाता है। इस प्रकार से निर्धारित सामान्य मूल्य जांच की अवधि के लिए यूएस डा. ***प्रति मी.टन है।

निर्यात कीमत

ईटीआई सोडा यूरेटिम पाजरलामा नकलीयत वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए.एस और काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरिटम ए.एस.- दि साइनर ग्रुप

क) ईटीआई सोडा यूरेटिम पाजरलामा नकलीयत वे इलेक्टिक यूरेटिम सानावी वे टिकेरेट ए.एस

36. प्राधिकारी ने जांच की अवधि के दौरान प्रत्यक्ष रूप से भारत को ***मी.टन संबद्ध वस्तुओं का निर्यात किया था। ये सभी बिक्री एफओबी शर्तों पर किए गए थे। कंपनी ने अंतरदेशीय भाड़ा और पोर्ट हैंडलिंग खर्च के कारण समायोजन प्रस्तुत किए हैं और उसे कारखानागत निर्यात कीमत तय करने के लिए स्वीकार कर लिया गया है। कंपनी के लिए इस प्रकार से निर्धारित निवल निर्यात कीमत जांच की अवधि के लिए यूएसडालर***प्रति मी.टन होता है। पहुंच मूल्य की गणना जांच की अवधि के लिए ***यूएसडालर/मी.टन के रूप में की गई है।

ख) काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटिम ए.एस

37. कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान सीआईडीटी के माध्यम से भारत को संबद्ध वस्तुओं का ***मी.टन निर्यात किया था। अ कंपनी ने अंतरदेशीय भाड़ा और पोर्ट हैंडलिंग खर्च के कारण समायोजन प्रस्तुत किए हैं और उसे कारखानागत निर्यात कीमत तय करने के लिए स्वीकार कर लिया गया है। कंपनी के लिए इस प्रकार से निर्धारित निवल निर्यात कीमत जांच की अवधि के लिए यूएसडालर***प्रति मी.टन होता है। पहुंच मूल्य की गणना जांच की अवधि के लिए ***यूएसडालर/मी.टन के रूप में की गई है। प्राधिकारी ने प्रारंभिक जांच परिणाम के उद्देश्य संबंधित कंपनी के माध्यम से बिक्री पर विचार नहीं किया है।

ग) सोडा सानाई ए.एस.

38. कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान अपाने संबंधित निर्यातक अर्थात सिसेकम डिस टिकारेट ए.एस. जिन्होंने निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर भी प्रस्तुत किया है, के माध्यम से ***मी.टन और प्रत्यक्ष रूप तौर पर भारत को संबद्ध वस्तुओं का ***मी.टन वस्तुओं का निर्यात किया था। कंपनी ने अंतरदेशीय भाड़ा, पोर्ट हैंडलिंग खर्च, समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन (संबंधित पक्षकार के माध्यम से बिक्री के मामले में) के कारण समायोजन प्रस्तुत किए हैं और उसे कारखानागत निर्यात कीमत तय करने के लिए स्वीकार कर लिया गया है जो जांच की

अवधि के लिए यूएसडालर***/मी.टन होता है। पहुंच मूल्य की गणना जांच की अवधि के लिए ***यूएसडालर/मी.टन के रूप में की गई है।

ड.3.3. पाटन मार्जिन

39. ऊपर में दिए गए अनुसार सामान्य मूल्य और यथानिर्धारित निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए जांच की अवधि के दौरान पाटन मार्जिन का निर्धारण किया है।

क्र.सं.	उत्पादक कंपनी का नाम	सामान्य मूल्य (अम.डा./एमटी)	निबल निर्यात कीमत (अम.डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (अम.डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (%)
क	**तुर्की**				
1	क)ईटीआई सोडा यूरेटिम पजारलामा नकलीवट वे इलेक्ट्रिक यूरेटिम सानाई वे टिकैरेट ए.एस.				10-20
	ख)काजन सोडा इलेक्ट्रिक यूरेटिम ए.एस.				20-30
	साइनर ग्रुप की भारित औसत				10-20
2	सोडा सनावी ए.एस.				0-10
3	कोई अन्य उत्पादक/निर्यातक				10-20
ख.	**यूएसए**				
4	सीयरलेस वैली मिनरल्स इंक				20-30
5	टाटा केमिकल्स सोडा ऐश पार्टनर्स ("टीसीएसएपी")				20-30
6	कोई अन्य उत्पादक/निर्यातक				30-40

40. यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन बहुत अधिक है और यह संबद्ध देशों में से प्रत्येक देश से किए गए निर्यातों के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत निर्धारित सीमाओं से अधिक है।

च. <u>क्षति का आंकलन और कारणात्मक संबंध</u>

च.1. घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध

41. घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध निम्नानुसार है:

क) विचाराधीन उत्पाद की बिक्री दो रूपों अर्थात लाइट और डेंस में की जाती है। आयात अधिकांश रूप में डेंस रूप में होता है जिसका प्रमुख रूप से उपयोग ग्लास क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इस प्रकार से घरेलू उद्योग पर आयातों का प्रतिकूल प्रभाव ग्लास निर्माण क्षेत्र में देखा जाएगा।

ख) संबद्ध वस्तुओं की मांग/स्पष्ट खपत में जांच की प्रस्तावित अवधि के दौरान वृद्धि हुई।

ग) संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा में स्वतंत्र रूप और सापेक्ष दोनों रूपों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। शुल्क को समाप्त किए जाने के बाद, संबद्ध देशों से आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। संबद्ध देशों से

आयातों में आधार वर्ष से लेकर जांच की अवधि में वृद्धि हुई है। उत्पादन और खपत (कैप्टिव को छोड़कर) की तुलना में आयातों में भी बहुत अधिक सीमा तक वृद्धि हुई है।

घ) संबद्ध देशों, यूरोपियन यूनियन, कीनिया और अन्य प्रमुख देशों तथा शेष देशों की क्षति की अवधि के दौरान कीमतों का बढ़ना यह दर्शाता है कि संबद्ध देशों से पहुंच कीमत कीनिया और यूरोपियन यूनियन सहित अन्य सभी प्रमुख देशों से अब कम हैं।

ङ.) संबद्ध देशों से आयात की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों से बहुत कम रही हैं और इसके फलस्वरूप कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है। भाड़ा और छूट को बाहर करने के बाद निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) के आधार पर कीमत में कटौती का निर्धारण आवेदन के प्रोफार्मा, व्यापार की वास्तविकता के अनुरूप और कीमत में कटौती का निर्धारण करने के उद्देश्य से है। कीमत में कटौती का निर्धारण बिक्री कीमत के आधार पर और न कि एनएसआर के आधार पर किया जाना चाहिए।

च) बिक्री की लागत और बिक्री की कीमत में वृद्धि के बावजूद, बिक्री की कीमत में वृद्धि पाटनरोधी शुल्क के लागू रहने तक बिक्री की लागत में वृद्धि की तुलना में पहले बहुत अधिक थी। हालांकि, हाल की अवधि में कीमतों में तेजी से गिरावट आ रही है। आवेदक कंपनियों में से एक कंपनी की कीमत सूची यह दर्शाती है कि सूची कीमतों में भी बहुत अधिक हद तक गिरावट आई है।

छ) चूंकि बहुत कम समय अवधि में आयातों में वृद्धि हुई है अत: तिमाही विश्लेषण किया गया है। बिक्री की लागत में वृद्धि हुई है और बिक्री की कीमत 2019-20 की पहली तिमाही से घट रही है। बिक्री की लागत में वृद्धि की दर पहुंच कीमत में वृद्धि की दर से बहुत अधिक है। संबद्ध देशों से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत के स्तर से कम है। इस प्रकार से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर न्यूनकारी और ह्रासकारी प्रभाव पड़ रहा है जिसके परिणामस्वरूप लाभप्रदता पर प्रतिकूल रूप से प्रभाव पड़ रहा है। आयात अधिकांश रूप में डेंस रूप में किया जाता है और इस प्रकार से आयात डेंस सोडा ऐश के उपभोक्ता क्षेत्र अर्थात ग्लास निर्माण उद्योग में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

ज) घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में मांग में वृद्धि और बढ़ी हुई क्षमता के साथ क्षति की अवधि में वृद्धि हुई है। हालांकि, घरेलू उद्योग का उत्पादन और बिक्री उससे कम है जो पाटित आयातों जिसमें बहुत हद तक वृद्धि हुई है, के न होने पर इसका हो सकता था। तिमाही वृद्धि यह दर्शाती है कि मांग में वृद्धि के बावजूद, घरेलू बिक्री में कमी आई है। मांग में वृद्धि के बावजूद मालसूची में वृद्धि हुई है।

झ) संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में जांच की अवधि में आधार वर्ष से बहुत अधिक वृद्धि अर्थात् 254 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। हालांकि घरेलू उद्योग के हिस्से में वृद्धि हुई है, घरेलू उत्पादकों के हिस्से में समग्र रूप से गिरावट आई।

ट) घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में 2018-19 तक सुधार हुआ और जांच की प्रस्तावित अवधि में इसमें गिरावट आई। आवेदकों ने यह अनुरोध किया कि चूंकि ग्लास क्षेत्र में आयातों का अधिकांश रूप में उपयोग किया जाता है अत: घेलू उद्योग की लाभप्रदता में गैर-ग्लास क्षेत्र की तुलना में ग्लास में अधिक गिरावट आई है।

ठ) निवेश पर लाभ (आरओआई) में क्षति की अवधि के दौरान प्रगामी रूप से वृद्धि हुई है। बढ़ती हुई मांग के परिदृश्य में, मालभंडार में वृद्धि हुई है, हालांकि यह केवल घरेलू उद्योग के साथ नहीं बढ़ा है बल्कि अन्य घरेलू उत्पादकों के मामले में भी बढ़ा है।

ड) क्षमता में वृद्धि पर विचार करते हुए कर्मचारियों की संख्या और मजदूरी में भी वृद्धि हुई है। हालांकि आवेदकों ने यह अनुरोध किया कि वह संबद्ध वस्तुओं के कार्य-निष्पादन पर ही निर्भर नहीं हैं बल्कि उसे देश की विधायी अपेक्षाओं और उद्योग की व्यापार संबंधी विभिन्न बाध्यताओं द्वारा भी शासित किया जाता है।

ढ) घरेलू उद्योग का विकास उत्पादन, घरेलू बिक्री के मामले में सकारात्मक थी। हालांकि मालसूची, लाभ, नकद लाभ और निवेश पर लाभ के मामले में वृद्धि जांच की अवधि में नकारात्मक थी।

च.2. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

42. आयातों की मात्रा में सापेक्ष रूप में बहुत कम वृद्धि हुई है। बाजार के हिस्से में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन और बिक्री की मात्रा में भी वृद्धि हुई है। जांच की अवधि के दौरान क्षमता के उपयोग पर प्रभाव घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता में हाल में वृद्धि के कारण हुआ है जैसा कि कैप्टिव खपत में वृद्धि से भी देखा जा सकता है।

43. बाहरी भाड़ा को निवल बिक्री प्राप्ति में शामिल किया गया है जो नियम के विरुद्ध है। यदि प्राधिकारी ग्राहक के कारखाना गेट पर बिक्री कीमत पर विचार करने का विकल्प चुनते हैं तब पहुंच कीमत का समायोजन भी उपयुक्त रूप से इन कीमतों के बीच निष्पक्ष तुलना सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए।

44. बिक्री कीमत में वृद्धि तब भी इन लागतों की तुलना में कम है जब पहुंच कीमत में वृद्धि बिक्री की लागत से अधिक हो। इस प्रकार से कीमत में कथित कटौती का प्रभाव बिक्री कीमत पर नहीं पड़ा है और इस प्रकार से कीमत न्यूनीकरण/ह्रास नहीं हो रहा है।

45. कथित क्षति के मार्जिन के आधार पर एनआईपी 22,048 भारतीय रुपए प्रति मी.टन से 22,741 भारतीय रुपए प्रति मी.टन के दायरे में है। एचयूएल की आयात कीमत प्रस्तुत की गई प्रश्नावली के उत्तर के अनुसार इससे बहुत अधिक है।

46. राजस्व और ब्याज तथा कर पूर्व आय – घरेलू बिक्री में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई है जिसे याचिकाकर्ता कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टों से भी देखा गया है।

47. क्षति, यदि कोई हो स्वयं के कारण और याचिकाकर्ता द्वारा ऋण लेने, निवेश, क्षमता में वृद्धि और अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलाप जैसे कारकों के द्वारा हुई है जो वार्षिक रिपोर्ट से स्पष्ट है।

48. देश में कुल मांग के 20 प्रतिशत से अधिक को आयातित सामग्री से पूरा किया जाना अपेक्षित है । इसके लिए, जनवरी, 2020 के हाल के आईएचएस प्रकाशन से पुष्टि की जा सकती है । इस प्रकार, किसी मात्रात्मक प्रभाव के लिए आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है ।

49. कटौती को पीओआई सहित क्षति अवधि के लिए प्रदान किया जाना चाहिए और वह कथित कीमत कटौती और कथित क्षति के बीच किसी कारणात्मक संबध के निर्धारण हेतु संगत होगी ।

50. वास्तविक क्षति का कोई खतरा नहीं है । यू एस ए और तुर्की से भारत को संबद्ध वस्तु के निर्यात का प्रतिशत हिस्सा मामूली है । अन्य देशों में तुर्की से निर्यात कीमतें दर्शाती हैं कि तुर्की से भारत को निर्यात कीमत वास्तव में उच्चतर है । संबद्ध वस्तु की मालसूची का कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है ।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

51. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारोंद्वारा किए गए अनुरोधों को नोट किया है और संगत पाटनरोधी नियमावली और अनुबंध-3 के अनुसार किए गए अनुरोधों पर विधिवत रूप से विचार करने के बाद विभिन्न मापदंडों की जांच की है ।

<u>संचयी आकलन</u>

52. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध- II के पैरा (iii) में यह उपबंध है कि यदि एक से अधिक देश से किसी उत्पाद के हुए आयात के साथ-साथ पाटनरोधी जांच की जा रही है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी उस स्थिति में ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी निर्धारण करेंगे जब वह यह निर्धारित करें कि:-

(क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में पुष्टिकृत पाटन मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से हुए आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात की मात्रा की 3 प्रतिशत (या अधिक) से कम है वहां संचयी रूप से आयात समान वस्तु के आयात के साथ सबसे अधिक बनता है; तथा

(ख) आयातित वस्तु एवं समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के मद्देनजर आयातों के प्रभाव का संचयी निर्धारण उचित है।

53. प्राधिकारी नोट करते हैं कि :

(क) संबद्ध वस्तु का संबद्ध देशों से भारत में पाटन किया जा रहा है। प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन मार्जिन नियमावली के अंतर्गत विहित निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

(ख) प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों की मात्रा आयातों की कुल मात्रा के अलग-अलग रूप में 3 प्रतिशत से अधिक है।

(ग) आयातों का संचयी आकलन उचित है। संबद्ध देशों से निर्यात न केवल प्रत्यक्ष रूप से परस्पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तु से भी प्रतिस्पर्धा करते हैा।

54. उपरोक्त को देखते हुए प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग के लिए संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों का संचयी रूप से क्षति संबंधी आकलन करना उचित है।

55. अनुबंध 2 के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में उपबंध है कि क्षति निर्धारण में ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी, जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति का पता लगता हो, इसमें पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तु के घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार किया जाएगा।

56. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात की जांच करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में अत्यधिक कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी अधिक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए उद्योग की दशा पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा मार्जिन आदि पर पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।। के अनुसार विचार किया गया है।

57. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए उन अनुरोधों जिन्हें प्राधिकारी ने संगत समझा है, की निम्नानुसार जांच और समाधान किया गया है:-

च.4 <u>घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

(क) मांग और स्पष्ट खपत का आकलन

58. भारत में उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों और समस्त स्रोतों से आयातों के योग के रूप में निर्धारित किया गया है। यह देखा गया है कि इस प्रकार, आकलित मांग में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान वृद्धि की प्रवृति रही है।

मांग	इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	8,15,013	9,28,870	9,66,628	8,55,676	11,40,902
अन्य भारतीय उद्योगों की बिक्री	मी.ट.	***	***	***	***	***
संबद्ध देश- आयात	मी.ट.	1,41,096	2,41,324	3,30,506	4,12,910	5,50,546
3% से अधिक हिस्से वाले अन्य देश	मी.ट.	5,47,764	5,31,297	5,06,488	2,77,320	3,69,760
मांग/खपत	मी.ट.	***	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	109	115	89	119

(ख) संबद्ध देशों से आयात मात्राएं

59. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या संबद्ध देशों से पाटित आयातों में समग्र रूप से अथवा भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है। वास्तविक स्थिति निम्नानुसार है :

आयात मात्रा	इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
संबद्ध देश	मी.ट.	141,096	241,324	330,506	412,910	550,546
सूचीबद्ध		100	171	234	293	390
संबद्ध देश –टर्की	मी.ट.	15,190	92,251	209,998	178,956	238,607
संबद्ध देश –यूएसए	मी.ट.	125,906	149,073	120,508	233,954	311,939
3% से अधिक हिस्से वाले देश	मी.ट.	380,814	403,379	385,423	226,974	302,633
अन्य देश	मी.ट.	166,950	127,919	121,065	50,346	67,128
कुल	मी.ट.	688,860	772,622	836,994	690,230	920,306

60. यह देखा गया है कि संबद्ध देशों से पाटित आयातों मे पीओआई में भारी वृद्धि के साथ क्षति अवधि के दौरान अत्यधिक वृद्धि हुई है । यह देखा गया है कि पी ओ आई में आयातों में आधार वर्ष की तुलना में 290 प्रतिशत की और पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 156 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । घरेलू उद्योग ने बताया है कि पाटनरोधी शुल्क, जिसे संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पूर्व में लगाया गया था, की समाप्ति के बाद आयातों में भारी वृद्धि हुई है ।

(ग) सापेक्ष रूप से संबद्ध देशों से आयात

61. यह देखा गया है कि उत्पादन और खपत के संबंध में पाटित आयातों में आधार वर्ष में 5.40 प्रतिशत और 4.53 प्रतिशत से पीओआई में क्रमश: 17.41 प्रतिशत और 14.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटन और मांग की दृष्टि से आयातों में क्षति अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है । आयातों के संबंध में संबद्ध देशों से आयात आधार वर्ष में 20 प्रतिशत से बढकर पीओआई में लगभग 60 प्रतिशत हो गए हैं ।

	इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
उत्पादन	%	5.40	8.20	10.87	17.41	17.41
खपत	%	4.53	7.14	9.24	14.89	14.89
सकल आयात	%	20.48	31.23	39.49	59.82	59.82

च.5 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

62. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में यह विश्लेषण करना अपेक्षित है कि क्या क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में अत्यधिक कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी अधिक बढ़ गई होती । संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच, कीमत कटौती, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है । इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति, बिक्री कीमत और क्षति रहित कीमत, एनआईपी, की तुलना संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है ।

(क) कीमत कटौती

63. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है । घरेलू उद्योग ने यह दलील दी है कि परिवहन लागत संबद्ध वस्तु के उत्पादन के

मामले में लागत का एक बड़ा हिस्सा होती है क्योंकि (क) घरेलू उद्योग गुजरात राज्य में स्थित है और बिक्रियां पूरे भारत में की जाती हैं और (ख) उत्पाद की कीमत को देखते हुए उपभोक्ताओं की खरीद लागत में मालभाड़ा लागत एक बड़ा हिस्सा होती है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना परिवहन लागत जोड़ने के बाद ही आयात की पहुंच कीमत से की जानी चाहिए। यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तु तुलनात्मक रूप से कम कीमत वाला उत्पाद है। इस प्रकार, प्रति एम.टी. परिवहन लागत उत्पाद की बिक्री कीमत की तुलना के समय काफी अधिक है और उससे कीमत तुलनीयता के प्रभावित होने की संभावना है। प्राधिकारी ने इस दावे पर विचार करते हुए माल भाड़ा जोड़कर और मालभाड़ा हटाकर दोनों तरह से कीमत कटौती निर्धारित की है। तथापि, इस स्तर पर आगे जांच होने तक प्राधिकारी ने मालभाड़ा जोड़े बिना कीमत कटौती पर विचार किया है।

माल भाड़ा के बिना कीमत कटौती

विवरण	इकाई	यूएसए	टर्की
पहुंच मूल्य	रु. /मी.ट.	19,172	18,192
भाड़ा रहित निवल बिक्री प्राप्ति	रु. /मी.ट.	***	***
कीमत कटौती	रु. /मी.ट.	***	***
कीमत कटौती	%	0-10	10-20

64. यह देखा गया है कि संबद्ध देशों से आयात कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम रही है। इस प्रकार, घरेलू कीमतों में कटौती हुई है।

(ख) **कीमत ह्रास तथा न्यूनीकरण**

65. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतो का ह्रास या न्यूनीकरण कर रहे हैं, क्षति अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में परिवर्तनों की तुलना की गई है। वास्तविक स्थिति निम्नानुसार है :

विवरण	इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	पीओआई
बिक्री की लागत	रु. /मी.ट.	***	***	***	***
सूचीबद्ध		100	103	110	120
